पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0
(राज्यपाल सूचना परिसर)
——————

राज्यपाल की प्रेरणा से जनपद मुजफ्फरनगर के 75 आंगनबाडी केन्द्रो को गोद लिया गया

——————

आंगनबाड़ी केन्द्रों के उत्थान हेतु सरकार के साथ ही समाज के लोग भी प्रयास करें

—श्रीमती आनंदीबेन पटेल

—————

लखनऊः 12 मई, 2022

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल की प्रेरणा से जनपद मुजफ्फरनगर के 75 आंगनबाडी केन्द्रों को गोद लेने का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ द्वारा 15 आंगनबाडी केन्द्र, शाकुम्भरी देवी विश्वविद्यालय, सहारनपुर द्वारा 10 आंगनबाडी केन्द्र, बैंकिंग एसोसिएशन, मुजफ्फरनगर द्वारा कुल 30 आंगनबाडी केन्द्र (पंजाब नेशनल बैंक, भारतीय स्टेट बैंक व कैनरा बैंक द्वारा 05—05, सेन्ट्रल बैंक ऑफ इण्डिया, इण्डिन बैंक, पंजाब एण्ड सिंध बैंक, यूनियन बैंक ऑफ इण्डिया द्वारा 03—03, बैंक ऑफ बड़ौदा द्वारा 02 तथा बैंक ऑफ इण्डिया द्वारा 01 आंगनबाड़ी), श्री विपुल भटनागर, अध्यक्ष आई0आई0ए0 चौप्टर, मुजफ्फरनगर, श्री रजनीश कुमार, अध्यक्ष फैडरेशन ऑफ मुजफ्फरनगर कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज, श्री सतीश चन्द्र गोयल, निदेशक, टिहरी ऑयरन एण्ड स्टील कास्टिंग लिमिटेड, मुजफ्फरनगर एवं श्री संजय कुमार जैन, निदेशक, सर्वोत्तम रोलिंग मिल्स प्रा0लि0 मुजफ्फरनगर द्वारा 05—05 आंगनबाड़ी केन्द्रों को गोद लिया गया।

राज्यपाल जी ने इस अवसर पर अपने उद्बोधन में कहा कि आंगनबाड़ी केन्द्रों के उत्थान हेतु केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा किये जा रहे विभिन्न प्रयासों के अतिरिक्त समाज द्वारा भी योगदान दिया जाना चाहिए। उन्होंने जनप्रतिनिधियों एवं जनपद स्तरीय

अधिकारियों से अपेक्षा की कि वह अपने भ्रमण के दौरान आंगनबाड़ी केन्द्र पर ड्राई राशन वितरण व्यवस्था, प्राथमिक विद्यालयों में मिड–डे–मील एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र/स्वास्थ्य उपकेन्द्र पर गर्भवती महिलाओं के पंजीकरण से सम्बंधित जानकारी अवश्य करें। इसके साथ ही किसी भी व्यवधान की दशा में अपेक्षित कार्यवाही भी करें। उन्होंने कहा कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति को जल एवं विद्युत का उचित उपयोग करना चाहिए ताकि विभिन्न संसाधनों को आगामी पीढ़ी हेतु संरक्षित किया जा सके।

इस अवसर पर केन्द्रीय राज्यमंत्री, भारत सरकार डॉ0 संजीव कुमार बालियान, राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार), उत्तर प्रदेश सरकार, श्री कपिल देव अग्रवाल, अध्यक्षा, नगर पालिका परिषद, मुजफ्फरनगर श्रीमती अंजू अग्रवाल, विधान परिषद सदस्य श्रीमती वंदना वर्मा, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो0 संगीता शुक्ला, शाकुम्भरी देवी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो0 एच0 एस0 सिंह सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।

————————

चन्द्र विजय वर्मा–सूचना अधिकारी/राजभवन (200/09)
सम्पर्क सूत्र–9044381834